# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :–40/2004

प्रभूलाल बैरवा —अपीलार्थी

बनाम

1. रजिस्ट्रार, राजस्व मण्डल, अजमेर, राज.।
2. जिला कलक्टर, भीलवाड़ा।
3. तहसीलदार, जहाजपुर, जिला भीलवाड़ा।

—प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 04.09.2023

उपस्थित –

अपीलार्थी की ओर से : श्री अंकित कुमार, अधिवक्ता।

प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : श्री हेमन्त धारीवाल, राजकीय अधिवक्ता।

समक्ष :– अनन्त भण्डारी, सदस्य (न्यायिक)
लेखराज तोसावड़ा, सदस्य

## आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने यह तथ्य अंकित किये हैं कि अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति पटवारी के पद पर आदेश दिनांक 31.03.1976 के द्वारा हुई थी एवं अपीलार्थी को केनाल सर्किल कोटा आवंटित किया गया था। अपीलार्थी की नियुक्ति अस्थाई रूप से हुई थी, जो 6 माह के लिए अथवा प्रशिक्षित पटवारी के उपलब्ध होने तक की गई थी। अपीलार्थी को पटवारी के पद पर दिनांक 01.08.1980 से स्थाई घोषित किया गया था। जिसके संबंध में आदेश दिनांक 29.10.1984 पारित किया गया। अपीलार्थी को आदेश दिनांक 24.08.1991 के द्वारा दिनांक 07.04.1991 से चयनित वेतनमान का लाभ दिया गया, जो 15 वर्षीय सेवा प्रथम नियुक्ति की दिनांक 07.04.1976 से गणना करते हुए दिया गया। इसके पश्चात वित्त विभाग द्वारा पारित आदेश दिनांक 25.01.2002 के परिप्रेक्ष्य में अपीलार्थी को 18 वर्षीय सेवा पूर्ण करने पर 18 वर्षीय चयनित वेतनमान का लाभ दिया गया। ऑडिट द्वारा अपीलार्थी पर यह आक्षेप लगाया कि अपीलार्थी को प्रथम नियुक्ति की दिनांक से चयनित वेतनमा का लाभ दिया गया, जबकि अपीलार्थी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने की दिनांक से लाभ प्राप्त करने का अधिकारी है। अपीलार्थी से 31621/– रुपये की वसुली की अनुशंसा की गई। अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि अपीलार्थी को सही प्रकार से चयनित वेतनमान का लाभ दिया गया है, जो प्रथम नियुक्ति की दिनांक से दिया गया है। अपीलार्थी के अधिवक्ता का यह भी तर्क है कि

